पंजाब केसरी
Education + CAREER
दिल्ली/जयपुर
शुक्रवार
3 मार्च, 2017
Email:
deskfeature@gmail.com
magazine@punjabkesari.com
punjabkesari.com
fb/punjabkesarinational

इस फील्ड में सैलरी शानदार है। यहां फ्रेशर्स को शुरुआत में 15 से 25 हजार रुपए प्रति माह सैलरी आसानी से मिल जाती है। महज कुछ साल के अनुभव वाले यहां 10 से 12 लाख रुपए का पैकेज भी प्राप्त कर सकते हैं।

भविष्य की संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र

डिजिटल मार्केटिंग

डिजिटल माध्यम के जरिए प्रचार, उपभोक्ताओं को आकर्षित करना तथा सेवाएं प्रदान करना शामिल है। डिजिटल मार्केटिंग इंटरनेट मार्केटिंग का एक प्रमुख घटक है। यह ई-मेल, सोशल मीडिया वेबसाइट, ऑनलाइन कम्युनिटीज, ब्लॉग, और इंटरनेट पर विज्ञापनों के जरिए प्रचार करने पर आधारित है।

डिजिटल मार्केटिंग इंटरनेट, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिये की जाने वाली मार्केटिंग है। इसे ऑनलाइन मार्केटिंग भी कह सकते हैं। परंपरागत और डिजिटल मार्केटिंग के तौर-तरीके भले ही अलग हों लेकिन मकसद एक ही है। उत्पाद के प्रति ग्राहकों में ज्यादा से ज्यादा जागरुकता विकसित करना। डिजिटल मार्केटिंग में सोशल मीडिया, मोबाइल, ई-मेल, सर्च इंजिन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सर्च इंजिन मार्केटिंग (एसईएम), सोशल मीडिया ऑप्टिमाइजेशन (एसएमओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम) आदि को टूल की तरह इस्तेमाल किया जाता है। इसमें डिजिटल माध्यम के जरिए प्रचार, उपभोक्ताओं को आकर्षित करना तथा सेवाएं प्रदान करना शामिल है। डिजिटल मार्केटिंग इंटरनेट मार्केटिंग का एक प्रमुख घटक है। यह ई- मेल, सोशल मीडिया वेबसाइट, ऑनलाइन कम्युनिटीज, कॉन्फ्रेंस, ब्लॉग, ग्राफिक बैनर लोटिंग और इंटरनेट पर विज्ञापनों के जरिए प्रचार करने पर आधारित है। इसमें विज्ञापन लेख, चर्चाएं, लिंक्स टिप्पणियां भी शामिल होती हैं। एक सर्वे के मुताबिक आने वाले 5 सालों में डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में 15 से 2 लाख रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

नेचर ऑफ वर्क

इंस्टीट्यूट ऑफ मार्केटिंग कम्युनिकेशंस इंडिया, के डायरेक्टर समर अब्बास के मुताबिक आजकल किसी भी कंपनी में डिजिटल मार्केटिंग स्पेशलिस्ट की बड़ी अहमियत होती है। ये मार्केटिंग टीम के अहम सदस्य होते हैं। डिजिटल मार्केटिंग मैटेरियल को तैयार करने और उसे मेंटेन रखने की जिम्मेदारी इन्हीं पर होती है। कंपनीज के लिए प्रोफेशनल्स वेब बैनर एड, ई-मेल्स और वेबसाइट्स बनाकर उनकी ब्रांडिंग करते हैं। इंटरनेट और डिजिटल टेक्नोलॉजी के लिए मार्केटिंग कैंपेन तैयार करते हैं, जिसे मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के जरिये प्रचारित-प्रसारित किया जाता है।

जरूरी स्किल्स

इस क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए आपको निरंतर अपने कौशल तथा प्रौद्योगिकी, मार्केटिंग और डिजिटल मीडिया के संदर्भ में ज्ञान को बढ़ाना होगा। रचनात्मकता के अलावा आपको अच्छे तकनीकी कौशल की भी जरूरत होगी। तकनीकी कुशलता के संदर्भ में आपको वेब डिजाइन, सोशल मीडिया और वेब संबंधी सॉफ्टवेयर का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। विश्लेषणात्मक कौशल, अनुसंधान कौशल, कम्युनिकेशन स्किल, नेतृत्व कौशल और संचार कौशल भी अपेक्षित है। अगर आप इस क्षेत्र में प्रवेश करना चाह रहे हैं तो आपको घंटों कंप्यूटर पर बैठने के लिए तैयार रहना चाहिए।

कोर्स

डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको मार्केटिंग, आईटी, जनसंचार, विज्ञापन या सेल्स में डिग्री या डिप्लोमा की जरूरत है। कई संस्थान डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में पीजी डिप्लोमा और एजीक्यूटिव डिप्लोमा जैसे प्रोफेशनल कोर्स भी प्रदान करा रहे हैं। अगर आप इस क्षेत्र में ऊंचाइयों को छूना चाहते हैं तो आपको डिजिटल मार्केटिंग के सभी आयामों का अच्छा ज्ञान होना चाहिए, इसलिए आपको अन्य विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों में हाथ आजमाना होगा और अन्य कौशल सीखने होंगे।

संभावनाएं

कारोबार में डिजिटल मार्केटिंग का महत्व बढ़ रहा है और उससे इस क्षेत्र में करियर के व्यापक अवसर भी बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से पारंपरिक मार्केटिंग के प्रोफेशनल्स और टेक्नोलॉजी का ज्ञान रखने वाले युवाओं के बीच डिजिटल मार्केटिंग एक करियर विकल्प के रूप में तेजी से जगह बना रहा है। इस क्षेत्र में कॉपी राइटर, स्टोरी बोर्ड आर्टिस्ट, एनिमेटर्स, प्रोग्रामर्स, वेब डिजाइनर, कैंपेन मैनेजर, ऑनलाइन एग्जीक्यूटिव, एसईओ मैनेजर, एसएमओ मैनेजर, मैनेजर, ई- मेल मैनेजर और सोशल मीडिया प्रबंधकों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के लिए रोजगार के ढेरों अवसर उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सॉल्यूशन कंपनियों और व्यावसायिक संगठनों के मार्केटिंग के विभागों में रोजगार के खासा अवसर उपलब्ध हैं।

अवसर

डिजिटल मार्केटिंग का दायरा बहुत बड़ा है। ई-कॉमर्स उद्योग में बूम आने से छोटी-बड़ी सभी कंपनीज अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ाने के लिए खुद की डिजिटल मार्केटिंग टीम बना रही हैं। इसके अलावा, डिजिटल मार्केटिंग एजेंसीज और ई-कॉमर्स कंपनियों में भी ढेर सारे अवसर हैं।

योग्यता

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डिजिटल मार्केटिंग में प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थी का ग्रेजुएट होना जरूरी है। जो युवा मार्केटिंग, मास कम्युनिकेशन या फिर ग्राफिक डिजाइन में ग्रेजुएट हैं, उनके लिए यह कोर्स और भी लाभदायक साबित हो सकता है। हालांकि सभी ग्रेजुएट इसके लिए योग्य हैं। आमतौर पर कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को टारगेट मार्केट आइडेंटिफिकेशन, एडवर्टाइजिंग स्ट्रैटेजी, मार्केटिंग कैंपेन एनालिसिस, कम्युनिकेशन स्ट्रैटेजी, टेक्नोलॉजी, बेसिक मार्केटिंग कॉन्सेप्ट्स, सर्च इंजन मार्केटिंग आदि की जानकारी दी जाती है ताकि प्रभावी तरीके से संदेश लोगों तक पहुंचाया जा सके।

● मोहम्मद रजा

करियर जोन